कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन/फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र./जन.कार्य./प्रेसनोट/2024/60 दिनांक : 05/06/2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय/ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाषनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोट :

रा.वि.सिं. कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता के लिये श्रमदान

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्व्वविद्यालय, ग्वालियर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं संबंधित समस्त ईकाइयों, महाविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं अनुसंधान केन्द्र में स्वच्छता अभियान अंतर्गत साफ–सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया किया। इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम **''भूमि पुर्नस्थापन, मरूस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता''** रही।

कार्यक्रम में कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर हमारा घर है, जिस प्रकार हम अपने घर परिवार को स्वच्छ रखने हेतु प्रयासरत रहते है उसी प्रकार हमें विश्वविद्यालय प्रागंण को भी स्वच्छ रखने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को पूरा करते हुये आज स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया है। जिसमें कुलसचिव/लेखा नियत्रंक श्री अनिल सक्सेना, निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी.सिंह, निदेशक अनुसंधान सेवायें डॉ. संजय शर्मा, निदेशक शिक्षण डॉ. एन.एस. भदौरिया, कार्यपालन यंत्री इंजी. एच.एस. भदौरिया, अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।